राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक :– 02.04.2014

आयोग द्वारा दिनांक 02.02.2014 को आयोजित सांख्यिकी अधिकारी (आयोजन विभाग) संवीक्षा परीक्षा 2012 की उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 04.02.2014 को जारी करते हुये आपत्तियाँ आमंत्रित की गई। अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की आयोग द्वारा विषय विशेषज्ञों से जांच करवाने के उपरान्त संशोधित उत्तर कुंजी दिनांक 02.04.14 को आयोग की वेबसाईट पर जारी कर दी गई हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो प्रेस नोट की जारी होने की दिनांक से 3 दिवस अर्थात 07.04.14 तक अपनी आपत्ति आयोग को दर्ज करवा सकता है। ये आपत्तियाँ केवल उन्हीं प्रश्नों के संदर्भ में दर्ज करवावें जिन प्रश्नों के संबंध में पूर्व में आपत्तियाँ दर्ज करवायी गयी हैं। अतिरिक्त नये प्रश्नों के संबंध में दर्ज करवायी गयी आपत्तियाँ अस्वीकार की जाएगी। आपत्ति आवश्यक रूप से आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत की जाएं। निर्धारित प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। तीन दिन की अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजी के आधार पर उक्त परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

(घनश्याम टिलवानी)

वरिष्ठ उप सचिव